Library

School of Planning and Architecture, Bhopal

S.No.02 November,2022

दैनिक भास्कर	20/11/2022	(सिटी भास्कर)	पेज क्र 15

एसपीए... 152 को मास्टर्स और 100 स्टूडेंट्स को बैचलर्स की डिग्रियां

3 गोल्ड मेडल मिलने पर रेवा बोलीं- हमेशा चीजों को अलग नजरिए से देखा

कन्वोकेशन सेरेमनी

सिटी रिपोर्टर . भोपाल

स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) का 9वां दीक्षांत समारोह (कन्वोकेशन सेरेमनी) शनिवार को हुआ। 2 साल बाद फिजिकल फॉर्म में कन्वोकेशन सेरेमनी हुई। मुख्य अतिथि आईएएस दुर्गा शंकर मिश्र और एसपीए के निदेशक प्रो. चंद्र चारु त्रिपाठी रहे। आर्किटेक्चर, डिजाइन एंड प्लानिंग में मास्टर्स की डिग्री 152 स्टूडेंट्स को और आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग में बैचलर्स की डिग्री 100 स्टूडेंट्स को दी गई। 4 स्टूडेंट्स योगेश मकरंद केसकर, राहुल तिवारी, सुप्रिया कुकरेजा, सोनल तिवारी को पीएचडी अवॉर्ड की गई। समारोह में बीआर्क की रेवा सक्सेना ने 3 गोल्ड मेडल (मेडल ऑफ एक्सिलेंस, प्रोफीशिएंसी गोल्ड मेडल और गिरिराज किशोरी मेमोरियल गोल्ड मेडल) अपने नाम किए। वहीं, मास्टर्स इन डिजाइन कोर्स की काव्या जैन को भी मेडल ऑफ एक्सिलेंस अवॉर्ड दिया गया। कन्वोकेशन सेरेमनी में 9 स्टूडेंट्स को प्रोफीशिएंसी गोल्ड मेडल, 9 स्टूडेंट्स को बेस्ट थीसिस अवॉर्ड, 2 स्टूडेंट्स को सर्टिफिकेट ऑफ एप्रीशिएशन फॉर थिसिस और पीजी स्टूडेंट्स में पंड्या गुरुदत्त महेशभाई को सर्टिफिकेट ऑफ एप्रीशिएशन फॉर प्रोफीशिएंसी प्रदान की गई।

पढ़ाई के साथ को-करिकुलर पर भी फोकस

3 गोल्ड अपने नाम करने वाली रेवा सक्सेना कहती हैं- मुझे शुरुआत से ही हिस्ट्री और मॉन्यूमेंट्स में इंट्रेस्ट था, इन्हीं की स्टडी को ध्यान में रखकर आर्किटेक्चर का कोर्स ज्वाइन किया था। हमेशा चीजों को अलग नजरिए से देखने की कोशिश की। पढ़ाई के साथ को-करिकुलर एक्टिविटीज में भी हिस्सा लूं, ताकि ओवरऑल एक्सपोजर बढ़े और नया सीखने को मिले। इसी अप्रोच ने मुझे गोल्ड मेडल्स दिलाए।